Series SSO/1

**Set 1**

कोड नं.
Code No. **58/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 100*

*निर्देश:*

1. *दोनों खंडों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

2. *प्रश्नों के अंक प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

[P.T.O.

Material Downloded From SUPERCOP

3. प्रश्न सं. 1–3 और 15–19 अतिलघूत्तर प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। प्रत्येक का उत्तर एक वाक्य में देना जरूरी है।

4. प्रश्न सं. 4–8 और 20–22 लघूत्तर प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। सामान्यतया प्रत्येक का उत्तर 60 शब्दों से अधिक न हो।

5. प्रश्न सं. 9–10 और 23–25 भी लघूत्तर प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक के उत्तर सामान्यतया 70 शब्दों से अधिक न हों।

6. प्रश्न सं. 11–14 और 26–29 दीर्घउत्तर प्रश्न हैं और उनमें प्रत्येक के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। उनके प्रत्येक के उत्तर सामान्यतया 100 शब्दों से अधिक न हों।

7. उत्तर संक्षिप्त और विषयानुरूप हों तथा यथासंभव उत्तरों के लिए निर्धारित शब्द–सीमा का आवश्यक रूप से पालन किया जाए।

**Instructions :**

1. *All questions in both the sections are compulsory.*
2. *Marks for questions are indicated against each question.*
3. *Question No. 1-3 and 15-19 are very short answer questions carrying 1 mark each. They are required to be answered in one sentence.*
4. *Question No. 4-8 and 20-22 are short answer questions carrying 3 marks each. Answers to them should not normally exceed 60 words each.*
5. *Question No. 9-10 and 23-25 are also short answer questions carrying 4 marks each. Answers to them should not normally exceed 70 words each.*
6. *Question No. 11-14 and 26-29 are long answer questions carrying 6 marks each. Answers to them should not normally exceed 100 words each.*
7. *Answer should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*



Material Downloded From SUPERCOP

## खंड अ
## SECTION A

1. बजट रेखा का समीकरण दीजिए। 1

Give equation of Budget Line.

2. जब उपभोक्ता की आय गिरती है तो घटिया वस्तु के कीमत–माँग वक्र पर यह प्रभाव पड़ता है : (सही विकल्प चुनिए) 1

(a) दायीं ओर खिसकता है।

(b) बायीं ओर खिसकता है।

(c) माँग वक्र पर ऊपर की ओर चलन होता है।

(d) माँग वक्र पर नीचे की ओर चलन होता है।

When income of the consumer falls the impact on price-demand curve of an inferior good is : (choose the correct alternative)

(a) Shifts to the right.

(b) Shifts to the left.

(c) There is upward movement along the curve.

(d) There is downward movement along the curve.

3. यदि सीमाँत प्रतिस्थापन दर निरंतर स्थिर रहे, तो अनधिमान वक्र : (सही विकल्प चुनिए) 1

(a) $x$-अक्ष के समानांतर होगा।

(b) नीचे की ओर ढलवाँ अवतल होगा।

(c) नीचे की ओर ढलवाँ उत्तल होगा।

(d) नीचे की ओर ढलवाँ सीधी रेखा होगा।



Material Downloded From SUPERCOP

If Marginal Rate of Substitution is constant throughout, the Indifference curve will be : (choose the correct alternative)

(a) Parallel to the $x$-axis.

(b) Downward sloping concave.

(c) Downward sloping convex.

(d) Downward sloping straight line.

**4.** कारण बताते हुए निम्नलिखित तालिका पर आधारित उत्पादन संभावना वक्र के आकार पर टिप्पणी कीजिए : 3

| वस्तु X (इकाई) | वस्तु Y (इकाई) |
|---|---|
| 0 | 10 |
| 1 | 9 |
| 2 | 7 |
| 3 | 4 |
| 4 | 0 |

Giving reason comment on the shape of Production Possibilities curve based on the following schedule :

| Good X (units) | Good Y (units) |
|---|---|
| 0 | 10 |
| 1 | 9 |
| 2 | 7 |
| 3 | 4 |
| 4 | 0 |

**5.** हाल ही में शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत अभियान' का अर्थव्यवस्था के उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा और क्यों ? 3



Material Downloded From SUPERCOP

अथवा

बड़ी मात्रा में विदेशी पूँजी के बाहर जाने पर अर्थव्यवस्था के उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है और क्यों ?

What will be the impact of recently launched 'Clean India Mission' (Swachh Bharat Mission) on the Production Possibilities curve of the economy and why?

**Or**

What will likely be the impact of large scale outflow of foreign capital on Production Possibilities curve of the economy and why?

6. एक सामान्य वस्तु की कीमत माँग लोच के साथ ऋण–चिह्न (minus sign) जुड़ा होता है जब कि कीमत पूर्ति लोच के साथ धन–चिह्न (plus sign) । समझाइए क्यों ? 3

The measure of price elasticity of demand of a normal good carries minus sign while price elasticity of supply carries plus sign. Explain why?

7. एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में क्रेताओं की संख्या बहुत अधिक होती है। इस विशेषता का महत्व समझाइए। 3

There are large number of buyers in a perfectly competitive market. Explain the significance of this feature.

8. 'उच्चतम कीमत सीमा निर्धारण' के किसी वस्तु के बाजार पर पड़ने वाले प्रभाव समझाइए। रेखाचित्र का उपयोग कीजिए। 3

Explain the effects of 'maximum price ceiling' on the market of a good. Use diagram.

**केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर।**

कीमत सीमा से क्या अभिप्राय है ? अधिकतम कीमत सीमा निर्धारण के प्रभाव समझाइए। 3



Material Downloaded From SUPERCOP

**For the blind candidates only in lieu of Q. No. 8.**

What is price ceiling? Explain the effects of maximum price ceiling.

**9.** एक उपभोक्ता एक वस्तु पर जिसकी कीमत 8 रु. प्रति इकाई है 1000 रु. व्यय करता है। जब कीमत में 25 प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है तो भी वह वस्तु पर 1000 रु. ही व्यय करता है। प्रतिशत विधि द्वारा कीमत–माँग लोच ज्ञात कीजिए। 4

A consumer spends Rs. 1000 on a good priced at Rs. 8 per unit. When price rises by 25 per cent, the consumer continues to spend Rs. 1000 on the good. Calculate price elasticity of demand by percentage method.

**10.** लागत की परिभाषा दीजिए। सीमाँत लागत और औसत परिवर्ती लागत के बीच संबंध बताइए। 4

**अथवा**

संप्राप्ति (आगम) की परिभाषा दीजिए। सीमाँत संप्राप्ति और औसत संप्राप्ति के बीच संबंध बताइए।

Define cost. State the relation between marginal cost and average variable cost.

**Or**

Define revenue. State the relation between marginal revenue and average revenue.

**11.** एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपयोग करता है। दोनों की बाजार कीमत 3 रु. प्रति इकाई है। यदि उपभोक्ता इन दो वस्तुओं के ऐसे संयोग का चुनाव करता है जिसकी सीमाँत प्रतिस्थापन दर 3 है, तो क्या उपभोक्ता संतुलन में है? कारण दीजिए। ऐसी स्थिति में एक विवेकी उपभोक्ता क्या करेगा? समझाइए। 6



Material Downloded From SUPERCOP

अथवा

एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है जिनकी कीमत क्रमशः 4 रु. और 5 रु. प्रति इकाई है। यदि उपभोक्ता दोनों वस्तुओं का ऐसा संयोग चुनता है जिसमें X की सीमाँत उपयोगिता 5 और Y की सीमाँत उपयोगिता 4 है, तो क्या उपभोक्ता संतुलन में है? कारण दीजिए। ऐसी स्थिति में एक विवेकी उपभोक्ता क्या करेगा? उपयोगिता विश्लेषण का उपयोग कीजिए।

A consumer consumes only two goods X and Y both priced at Rs. 3 per unit. If the consumer chooses a combination of these two goods with Marginal Rate of Substitution equal to 3, is the consumer in equilibrium? Give reasons. What will a rational consumer do in this situation? Explain.

**Or**

A consumer consumes only two goods X and Y whose prices are Rs. 4 and Rs. 5 per unit respectively. If the consumer chooses a combination of the two goods with marginal utility of X equal to 5 and that of Y equal to 4, is the consumer in equilibrium? Give reasons. What will a rational consumer do in this situation? Use utility analysis.

**12.** परिवर्ती अनुपातों के नियम में कुल उत्पाद और सीमाँत उत्पाद में होने वाले परिवर्तनों के विभिन्न चरण बताइए। इन्हें एक ही रेखाचित्र में भी दिखाइए। 6

State the different phases of changes in Total Product and Marginal Product in the Law of Variable Proportions. Also show the same in a single diagram.



Material Downloaded From SUPERCOP

**केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर ।**

एक संख्यात्मक उदाहरण के आधार पर परिवर्ती अनुपातों के नियम में कुल उत्पाद और सीमाँत उत्पाद में होने वाले विभिन्न चरण बताइए। 6

**For the blind candidates in lieu of Q. No. 12 only.**

State, on the basis of a numerical example, different phases of changes in Total Product and Marginal Product in the Law of Variable Proportions.

13. क्यों किसी फर्म की संतुलन की स्थिति के लिए सीमाँत लागत और सीमाँत संप्राप्ति (आगम) में समानता आवश्यक है ? क्या यह संतुलन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त है ? समझाइए। 6

Why is the equality between marginal cost and marginal revenue necessary for a firm to be in equilibrium? Is it sufficient to ensure equilibrium? Explain.

14. एक वस्तु का बाजार संतुलन में है। इस वस्तु की माँग में 'वृद्धि' हो जाती है। इस परिवर्तन के कारण होने वाले प्रभावों की शृंखला समझाइए। 6

Market for a good is in equilibrium. The demand for the good 'increases'. Explain the chain of effects of this change.

## खंड ब
## SECTION B

15. समष्टि अर्थशास्त्र में 'समग्र आपूर्ति' से क्या अभिप्राय है ? 1

What is 'aggregate supply' in macroeconomics?



Material Downloded From SUPERCOP

16. गुणक का मूल्य यह होता है : (सही विकल्प चुनिए) 1

(a) $\frac{1}{\text{सीमाँत उपभोग प्रवृत्ति}}$

(b) $\frac{1}{\text{सीमाँत बचत प्रवृत्ति}}$

(c) $\frac{1}{1-\text{सीमाँत बचत प्रवृत्ति}}$

(d) $\frac{1}{\text{सीमाँत उपभोग प्रवृत्ति}-1}$

The value of multiplier is : (choose the correct alternative)

(a) $\frac{1}{MPC}$

(b) $\frac{1}{MPS}$

(c) $\frac{1}{1-MPS}$

(d) $\frac{1}{MPC-1}$

17. सरकारी बजट में ऋण से अभिप्राय : (सही विकल्प चुनिए) 1

(a) राजस्व घाटा

(b) राजकोषीय घाटा

(c) प्राथमिक घाटा

(d) करों में घाटा

Borrowing in government budget is : (choose the correct alternative)

(a) Revenue deficit

(b) Fiscal deficit

(c) Primary deficit

(d) Deficit in taxes



Material Downloded From SUPERCOP

18. निम्नलिखित में गैर-कर राजस्व यह है : (सही विकल्प चुनिए) 1

(a) निर्यात शुल्क

(b) आयात शुल्क

(c) लाभाँश

(d) उत्पादन शुल्क

The non-tax revenue in the following is : (choose the correct alternative)

(a) Export duty

(b) Import duty

(c) Dividends

(d) Excise

19. अन्य बातें पूर्ववत् रहने पर, यदि किसी देश में विदेशी मुद्रा की कीमत बढ़ती है तो इससे राष्ट्रीय आय : (सही विकल्प चुनिए) 1

(a) में वृद्धि की संभावना होती है

(b) गिरने की संभावना होती है

(c) वृद्धि होने और गिरने दोनों संभावनाएँ होती हैं

(d) पर कोई प्रभाव नहीं होता

Other things remaining unchanged, when in a country the price of foreign currency rises, national income is : (choose the correct alternative)

(a) Likely to rise

(b) Likely to fall

(c) Likely to rise and fall both

(d) Not affected



Material Downloaded From SUPERCOP

**20.** यदि वास्तविक सकल देशीय उत्पाद 200 रु. है और कीमत सूचकाँक (आधार=100) 110 है, मौद्रिक सकल देशीय उत्पाद का परिकलन कीजिए। 3

If Real GDP is Rs. 200 and Price Index (with base = 100) is 110, calculate Nominal GDP.

**21.** लेनदेन के उन विस्तृत वर्गों के नाम बताइए जिनको भुगतान संतुलन लेखा के 'पूँजी लेखा' में दर्ज किया जाता है। 3

**अथवा**

लेनदेन के उन विस्तृत वर्गों के नाम बताइए जिनको भुगतान संतुलन लेखा के 'चालू लेखा' में दर्ज किया जाता है।

Name the broad categories of transactions recorded in the 'capital account' of the Balance of Payments Accounts.

**Or**

Name the broad categories of transactions recorded in the 'current account' of the Balance of Payments Accounts.

**22.** विदेशों को मशीन बेचना भुगतान संतुलन खाते में कहाँ दर्ज किया जाएगा? कारण बताइए। 3

Where will sale of machinery to abroad be recorded in the Balance of Payments Accounts? Give reasons.

**23.** केन्द्रीय बैंक का 'जारीकर्ता बैंक' कार्य समझाइए। 4

**अथवा**

केन्द्रीय बैंक का 'सरकार का बैंक' कार्य समझाइए।

Explain the 'bank of issue' function of the central bank.



Material Downloaded From SUPERCOP

**Or**

Explain 'Government's Bank' function of central bank.

24. हाल ही में भारत सरकार ने 'जन–धन योजना' प्रारम्भ की जिसका उद्देश्य है कि प्रत्येक परिवार का कम से कम एक बैंक खाता हो। समझाइए कि इस योजना के अंतर्गत की गयी जमाएँ देश की राष्ट्रीय आय को कैसे प्रभावित करेंगी। 4

Government of India has recently launched 'Jan-Dhan Yojna' aimed at every household in the country to have at least one bank account. Explain how deposits made under the plan are going to affect national income of the country.

25. एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है। निम्नलिखित से राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए : 4

| | |
|---|---|
| स्वायत्त उपभोग | = 100 |
| सीमाँत बचत प्रवृत्ति | = 0.2 |
| निवेश व्यय | = 200 |

An economy is in equilibrium. Calculate national income from the following :

| | |
|---|---|
| Autonomous consumption | = 100 |
| Marginal propensity to save | = 0.2 |
| Investment expenditure | = 200 |

26. कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का मापन करने में निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाना चाहिए : 6

(i) फर्म द्वारा चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट को फीस देने पर व्यय

(ii) फर्म द्वारा निगम कर का भुगतान

(iii) फर्म द्वारा स्वयं उपयोग के लिए फ्रीज का क्रय



Material Downloded From SUPERCOP

Giving reason explain how should the following be treated in estimation of national income :

(i) Expenditure by a firm on payment of fees to a chartered accountant

(ii) Payment of corporate tax by a firm

(iii) Purchase of refrigerator by a firm for own use

27. स्फीतिकारी अंतर की अवधारणा समझाइए। इसको कम करने में पुनर्खरीद दर (Repo Rate) की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 6

**अथवा**

अपस्फीतिकारी अंतर की अवधारणा समझाइए और इसे कम करने में 'खुले बाजार के कार्यकलापों' की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Explain the concept of Inflationary Gap. Explain the role of Repo Rate in reducing this gap.

**Or**

Explain the concept of Deflationary Gap and the role of 'Open Market Operations' in reducing this gap.

28. बजट के माध्यम से संसाधनों के आवंटन को प्रभावित करने में सरकार की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 6

Explain the role the government can play through the budget in influencing allocation of resources.



Material Downloaded From SUPERCOP

**29.** राष्ट्रीय आय और वैयक्तिक प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए : 4+2

| | | (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| (i) | वैयक्तिक कर | 80 |
| (ii) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 600 |
| (iii) | अवितरित लाभ | 30 |
| (iv) | निजी आय | 650 |
| (v) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 100 |
| (vi) | निगम कर | 50 |
| (vii) | निवल देशीय अचल पूँजी निर्माण | 70 |
| (viii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 60 |
| (ix) | मूल्य ह्रास | 14 |
| (x) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 10 |
| (xi) | निवल आयात | 20 |
| (xii) | विदेशों को निवल कारक आय | 10 |



Material Downloaded From SUPERCOP

Calculate National Income and Personal Disposable Income :

| | | (Rs. crores) |
|---|---|---|
| (i) | Personal tax | 80 |
| (ii) | Private final consumption expenditure | 600 |
| (iii) | Undistributed profits | 30 |
| (iv) | Private income | 650 |
| (v) | Government final consumption expenditure | 100 |
| (vi) | Corporate tax | 50 |
| (vii) | Net domestic fixed capital formation | 70 |
| (viii) | Net indirect tax | 60 |
| (ix) | Depreciation | 14 |
| (x) | Change in stocks | (–) 10 |
| (xi) | Net imports | 20 |
| (xii) | Net factor income to abroad | 10 |



Material Downloded From SUPERCOP